NBWL द्वारा लद्दाख में सड़क विस्तार को मंज़ूरी

स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड

चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की स्थायी समिति ने लद्दाख में पाँच प्रमुख सड़क विस्तार (जिनमें से चार काराकोरम वन्यजीव अभयारण्य से होकर गुजरते हैं) को मंज़ूरी दे दी है, जिसमें **दौलत बेग ओल्डी (DBO)** तक जाने वाला मार्ग भी शामिल है।

- DBO ने कराकोरम अभयारण्य में प्रजातियों की रक्षा के लिये वन्यजीव मार्ग योजनाओं को लागू करने की शर्तों के साथ सड़क विस्तार को मंज़ूरी दी।
- यह कदम रक्षा मंत्रालय को महत्त्वपूर्ण रूप से सहायता प्रदान करता है, जो वर्ष 2020 में गलवान घाटी **में भारत-चीन संघर्ष** के जवाब में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ाता है।

//



राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL)

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड एक वैधानिक बोर्ड है, जिसे आधिकारिक तौर पर वर्ष 2003 में **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत गठित** किया गया था।
  - इसने वर्ष 1952 में स्थापित भारतीय वन्यजीव बोर्ड का स्थान लिया।
- **NBWL** के **अध्यक्ष प्रधानमंत्री** हैं और यह वन्यजीवों तथा वनों के संरक्षण एवं विकास को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है।
- बोर्ड की प्रकृति **'सलाहकारी'** है और यह केवल वन्यजीव संरक्षण के लिये नीति निर्माण पर सरकार को सलाह दे सकता है।
- यह **सभी वन्यजीव संबंधी मामलों की समीक्षा** और राष्ट्रीय उद्यानों तथा अभयारण्यों व उसके आसपास की परियोजनाओं के अनुमोदन के लिये एक सर्वोच्च निकाय के रूप में कार्य करता है।
- **NBWL** की स्थायी समिति की **अध्यक्षता** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन **मंत्री द्वारा की जाती है**।
  - स्थायी समिति संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों या उनके 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सभी परियोजनाओं को मंज़ूरी प्रदान करती है।

इस कदम का रणनीतिक महत्त्व क्या है?

- ये मार्ग रसद, सैन्य परिवहन और नागरिक आबादी की सहायता के लिये विशेष रूप से वर्ष 2020 के [गलवान घाटी]() संघर्ष के बाद महत्त्वपूर्ण हैं।
    - मौजूदा **डुरबुक-श्योक-डीबीओ (DS-DBO) मार्ग, जो 255 किमी लंबा है**, LAC के समानांतर चलता है और इसके पूर्व में चीन के कब्ज़े वाला क्षेत्र नजर आता है।
    - DS-DBO **लद्दाख में देश की सबसे उत्तरी सैन्य चौकी है** तथा यहाँ सबसे ऊँची हवाई पट्टी भी स्थित है।
- लेह-चालुंका सड़क (पाँच स्वीकृत सड़क खंडों में से एक), सिंधु घाटी को श्योक घाटी से जोड़ती है तथा लद्दाख पर्वतमाला से होकर गुजरती है, जो **इस पर्वतमाला पर एकमात्र मोटर चालित मार्ग है।**

भारत की सीमा पर अन्य प्रमुख विकास परियोजनाएँ क्या हैं?

- **भारत-चीन सीमा:**
    - [वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP)]()
    - [सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (BADP)]()
- भारत-पाकिस्तान सीमा:
    - **भारत में स्मार्ट फेंसिंग ([व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली - CIBMS]())**



अधकि पढ़ें: भारत की सीमा और उसका प्रबंधन

यूपीएससी सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

??????????? ?????????:

Q 1. 'राष्ट्रीय नविश और बुनियादी अवसंरचना कोष' के संदर्भ में, निम्नलखिति में से कौन सा/से कथन सही है/हैं? (वर्ष 2017)

1. यह नीतिआयोग का एक अंग है।
2. वर्तमान में इसके पास `4,00,000 करोड़ का कोष है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनियै:

(A) केवल 1
(B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (D)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nbwl-approves-road-expansion-in-ladakh